# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**विज्ञप्ति संख्या– PR........../2025**

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–छः (सत्र 2026–27) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रा/अभिभावक के लिए आवश्यक सूचना**

**बिहार सरकार द्वारा संस्थापित सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई (अंग्रेजी माध्यम) के षष्टम् वर्ग (सत्र 2026–2027) में नामांकन हेतु योग्य छात्र–छात्रा/अभिभावकों, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, 2026 का परीक्षा आवेदन पत्र सिर्फ ऑनलाइन (Online) माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत् है :–**

2. षष्ट्म वर्ग में नामांकन हेतु छात्र एवं छात्राओं के लिए क्रमशः साठ–साठ (60–60) सीटें निर्धारित हैं।

3. (क) नामांकन प्रक्रिया के अन्तर्गत बिहार (शैक्षणिक संस्थान में नामांकन में) आरक्षण अधिनियम, 2003 (बिहार अधिनियम 16, 2003) एवं शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण अधिनियम, 2019 की अधिसूचना संख्या सं0–11/आ०नी०–I–03/2019–2622 दिनांक 26.02.2019 के अनुसार कोटिवार/छात्र–छात्रा वार निर्धारित सीटों का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र.सं. | कोटि | छात्र | छात्रा |
|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* |
| 1 | अनारक्षित (UR) | 24 | 24 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग(EWS) | 6 | 6 |
| 3 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) | 11 | 11 |
| 4 | पिछड़ा वर्ग (BC) | 7 | 7 |
| 5 | पिछड़े वर्ग की महिला BC (Female) | — | 2 |
| 6 | अनुसूचित जाति (SC) | 11 | 9 |
| 7 | अनुसूचित जनजाति (ST) | 1 | 1 |
| | कुल | 60 | 60 |

(ख) **दिव्यांग कोटि (Differently Abled)**–सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार, पटना के द्वारा समय–समय पर निर्गत निदेश के आलोक में दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को 5% क्षैतिज आरक्षण का लाभ देय है। चयनित छात्र/छात्राओं का विकलांगता का स्तर 40 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए।

4. आवेदक की आयु 1 अप्रैल, 2026 को न्यूनतम 10 वर्ष तथा अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए।

5. आवेदक बिहार राज्य के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा–V (पाँचवी) में अध्ययनरत हो।

6. परीक्षा आवेदन पत्र सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त किए जाएँगे। किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन माध्यम को छोड़कर अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

7. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क दिनांक **01.09.2025 के अपराह्न से 15.09.2025 के अपराह्न तक की** अवधि में स्वीकार किये जाएँगे।

8. **परीक्षा शुल्क** : (1) अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के लिए– 200/– (दो सौ रु०) ।
   (2) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए– 50/– (पचास रु०) निर्धारित है।

9. **ऑनलाइन आवेदन करने की विधि**–छात्र/छात्रा अथवा उनके अभिभावक समिति के पोर्टल https://biharsimultala.com पर अभ्यर्थी का विवरण (नाम, पिता नाम, जन्मतिथि, जाति कोटि इत्यादि) शुद्ध–शुद्ध भरेंगे। किसी भी त्रुटिपूर्ण विवरण अपलोड करने के लिए अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक स्वयं दोषी होंगे तथा उनका आवेदन–पत्र रद्द कर दिया जाएगा। भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी अभ्यर्थी/उनके अभिभावक निकालकर उस पर अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से अग्रसारित कराकर सुरक्षित रख लेंगे। अभ्यर्थी नामांकन हेतु चयन होने पर अग्रसारित आवेदन पत्र को संबंधित जिला के

जिला शिक्षा पदाधिकारी से अग्रसारित करा कर नामांकन के समय प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला को अनिवार्य रूप से समर्पित करेंगे। अन्यथा नामांकन बाधित हो सकता है।

9.1 परीक्षा आवेदन–पत्र समिति के पोर्टल पर भरने एवं परीक्षा शुल्क के भुगतान करने की विधि क्रमवार निम्नवत् है :–

**1.** Visit : https://biharsimultala.com **2.** Home Page, **3.** Register New Candidate **4.** Login **5.** Fill Application Form, **6.** Upload Photo & Signature, **7.** Save & Preview Application Form **8.** Edit or Make Payment and **9.** Print Application.

9.2 **छात्र/छात्रा के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर स्कैन करने के संबंध में–**

सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला प्रवेश परीक्षा के आवेदन पत्र में रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

A. रंगीन फोटो का साईज एवं प्रकार :

Image Size : 35mm × 30 mm का हो। (40–100 KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो।)

Head Size/Face Size : 25 mm × 20 mm (approx 60 % 70%)

Background : Plain White or Light Green

B. स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5cm width × 1.5 cm height) में हो तथा आकार 10–20 KB से अधिक न हो।

9.3 **परीक्षा शुल्क भुगतान की प्रक्रिया** : ऑनलाइन आवेदन–पत्र submit करने के पश्चात Fee Payment के लिए पेज पर उपलब्ध Fee Payment Button पर क्लिक करें। परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क की राशि Debit Card/Credit Card/Net Banking/UPI QR Code के माध्यम से भुगतान किया जाय। अभ्यर्थी/उनके अभिभावक भुगतान के पश्चात् 24 घंटे के अन्दर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं, इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे। खाता से राशि की निकासी के पश्चात् समिति के खाता में परीक्षा शुल्क जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवेदन अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9.4 ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र समिति के वेबसाइट पर भरने के पश्चात अभ्यर्थी के मोबाइल पर पासवर्ड भेजा जाएगा और अभ्यर्थी का मोबाइल नम्बर यूजर आई०डी० होगा। यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड को अभ्यर्थी/अविभावक भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेंगे एवं इसकी गोपनीयता बनाए रखे। **इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को समिति कार्यालय में कदापि न भेजे। इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार के त्रुटिपूर्ण विवरण ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि तक समिति के उक्त वेबसाइट https://biharsimultala.com पर जाकर सुधार कर सकेंगे।**

10. चयन के लिए परीक्षा दो चरणों में संचालित होगी।

(i) **प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षाः** प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा पूर्णतः बहुवैकल्पिक वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्नों पर आधारित होगी। कुल 150 अंकों की परीक्षा संचालित होगी एवं प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। परीक्षा की अवधि 2 घंटे 30 मिनट की होगी। प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी ही मुख्य प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

(ii) **मुख्य प्रवेश परीक्षाः** मुख्य प्रवेश परीक्षा दो पाली में आयोजित होगी।

11. **सत्र 2026–27** के लिए प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा एवं मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए विषय एवं अंक निम्नवत् है:–

<table>
<tr><th colspan="3">प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा</th><th colspan="5">मुख्य प्रवेश परीक्षा</th></tr>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>विषय</th><th>अंक</th><th>पत्र</th><th>क्र.स.</th><th>विषय</th><th>अंक</th><th>कुल अंक</th></tr>
<tr><td>01</td><td>हिन्दी (वस्तुनिष्ठ)</td><td>30</td><td rowspan="2">पेपर–I (प्रथम पाली)</td><td>1</td><td>गणित (गैर–वस्तुनिष्ठ)</td><td>100</td><td rowspan="2">150</td></tr>
<tr><td>02</td><td>विज्ञान (वस्तुनिष्ठ)</td><td>25</td><td>2</td><td>बौद्धिक क्षमता (गैर–वस्तुनिष्ठ)</td><td>50</td></tr>
<tr><td>03</td><td>सामाजिक विज्ञान (वस्तुनिष्ठ)</td><td>25</td><td rowspan="4">पेपर–II (द्वितीय पाली)</td><td>1</td><td>हिन्दी (गैर–वस्तुनिष्ठ)</td><td>40</td><td rowspan="4">150</td></tr>
<tr><td>04</td><td>गणित (वस्तुनिष्ठ)</td><td>40</td><td>2</td><td>अंग्रेजी (गैर–वस्तुनिष्ठ)</td><td>40</td></tr>
<tr><td rowspan="2">05</td><td rowspan="2">अंग्रेजी (वस्तुनिष्ठ)</td><td rowspan="2">30</td><td>3</td><td>विज्ञान (गैर–वस्तुनिष्ठ)</td><td>40</td></tr>
<tr><td>4</td><td>सामाजिक विज्ञान (गैर–वस्तुनिष्ठ)</td><td>30</td></tr>
<tr><td colspan="2">कुल अंक</td><td>150</td><td colspan="4">कुल अंक</td><td>300</td></tr>
</table>

12. परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का स्तर बिहार सरकार द्वारा पाँचवी कक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित होगा।

13. मुख्य परीक्षा की प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 01:30 बजे से 04:00 बजे तक यानि 02:30–02:30 घंटे की होगी।

14. प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालयों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। किसी जिला में प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या 50 से कम होने पर इस जिला के अभ्यर्थियों को निकटवर्ती जिला मुख्यालय में परीक्षा केन्द्र दिया जाएगा। प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 31.10.2025 को अपराह्न 01:00 बजे से अपराह्न 03:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा की तिथि आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है। मुख्य प्रवेश परीक्षा माह जनवरी, 2026 में आयोजित होगी। मुख्य प्रवेश परीक्षा पटना जिला मुख्यालय के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी।

15. प्रारम्भिक परीक्षा में लब्धांकों के आधार पर मुख्य प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए <u>कोटिवार</u>/छात्र–छात्रावार रिक्तियों की संख्या के 10 (दस) गुणकों में अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

16. मुख्य प्रवेश परीक्षा में समान अंक वाले अभ्यर्थियों में से अधिक उम्र वाले अभ्यर्थियों को अधिमान देते हुए मेधा सूची में शामिल किया जाएगा। समान प्राप्तांक एवं समान जन्मतिथि होने की स्थिति में मुख्य प्रवेश परीक्षा के प्रथम पत्र में अधिक प्राप्तांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को चयन किया जाएगा। मुख्य प्रवेश परीक्षा के प्रथम पत्र में भी समान प्राप्तांक तथा समान अंक एवं समान जन्मतिथि होने की स्थिति में लॉटरी (Lottery) के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

17. मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए मेधा सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सा बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा, जिसमें सफल होने के उपरांत ही प्रवेश की स्वीकृति दी जाएगी।

18. मुख्य प्रवेश परीक्षा में सफल सभी अभ्यर्थियों को नामांकन के समय जाति प्रमाण–पत्र (आरक्षित कोटि के दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए), आवासीय प्रमाण–पत्र, जन्मतिथि प्रमाण–पत्र, निःशक्तता प्रमाण–पत्र (निःशक्तता कोटि के दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए) विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र, बैंक खाता की

छायाप्रति, माता–पिता के आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा, अन्यथा नामांकन का दावा निरस्त कर दिया जाएगा।

19. परीक्षा आवेदन भरने से पूर्व अभ्यर्थी/अभिभावक यह सुनिश्चित कर लेंगे कि आवेदक इस परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु एवं नामांकन हेतु निर्धारित पात्रता को पूर्ण करता है। प्रारंभिक/मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र का निर्गमन तथा चयन की अनुशंसा अभ्यर्थी की पात्रता को संपुष्ट नहीं करता है। यदि प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा के आयोजन, चयन, मुख्य परीक्षा के आयोजन, चयन, नामांकन हेतु अनुशंसा अथवा नामांकन की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु एवं नामांकन हेतु निर्धारित पात्रता को पूर्ण नहीं करता है तो उसका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जाएगा।

20. उक्त परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार के विवाद का मामला केवल माननीय उच्च न्यायालय, पटना के क्षेत्राधिकार में होगा।

21. इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों तक ही प्राप्त किया जा सकेगा।

22. उक्त परीक्षा से संबंधित पृच्छा के लिए **हैल्प लाईन नम्बर–9097847744** पर सम्पर्क किया जा सकता है तथा किसी प्रकार की सूचना E-mail ID–bseb@antiersolutions.com पर भेजा जा सकता है।

23. **परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त आवेदन से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार हेतु दावा मान्य नहीं होगा।**

30/8/25

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

30/8

ज्ञापांक : के०वि०....497../2025 पटना, दिनांक : ..30../..08../2025

प्रतिलिपिः 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. Project Manager, M/s Antier Solutions Private Limited, Punjab को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में अग्रेतर कार्यवाई हेतु प्रेषित।

3. ई.डी.पी., आई0टी0(विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के B.S.Ex.B.Mobile App पर डाल दिया जाय तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय।

4. वित्त पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में HDFC BANK Ltd. एवं Indian Bank को परीक्षा आवेदन शुल्क जमा करने हेतु निर्देश दिया जाय।

5. बैंक प्रबंधक, संतोष कॉम्प्लेक्स,, ग्राउंड फ्लोर, शॉप नं.–2A तथा 2B मौर्यालोक, पटना–800001 एवं बैंक प्रबंधक, इंडियन बैंक, बुद्ध मार्ग शाखा, बिहार स्टेट टकस्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन परिसर, पटना–800001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6. प्रभारी प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8. निदेशक माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

9. अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित ।

30/8/25

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

30/8/25

d:\simultala\sav 2026\pt 2026\advt\final sav-vi pt-2026 advt. invitation.doc